फर्द अहकाम
कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द, जिला राजसमन्द

श्री सुनील कुमार विजयवर्गीय तात्कालिक पटवारी, पटवार मण्डल, छापली, तह0 भीम, हाल तहसील कार्यालय रेलमगरा जिला राजसमन्द —**अपीलार्थी**

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द
लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम — **प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा— अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 61/2020**

क्रमांक	कार्यवाहिक विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 23.02.2021 पत्रावली प्रस्तुत हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अन्तर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द व लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार भीम से प्राप्त नही होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द व लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार भीम को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय में भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द द्वारा जरिये क्रमांकः प.1( )सू0अ0,05/2020/977—978 दिनांक 18.11.2020 से प्राप्त रिपोर्टानुसार अपीलार्थी का आवेदन पत्र दिनांक — का सूचना के अधिकार अधिनियम,05 के तहत इस कार्यालय को दिनांक 26.09.2020 व इस अनुभाग को 01.10.2020 को प्राप्त हुआ हैं। आरटीआई आवेदन — से चाही गई सूचना इस कार्यालय की नहीं होकर तहसील कार्यालय कुम्भलगढ की होने से मूल ही प्रार्थना पत्र जरिये पत्र क्रमांक : प.1( )सू.अ., 05/2020/810—11 दिनांक 05.10.2020 से सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 6(3)(I)(II) के तहत तहसीलदार कुम्भलगढ को अंतरण कर प्रेषित करते हुए प्रार्थी को सूचित किया गया। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द द्वारा जरिये क्रमांकः प.1( )सू0अ0,05/2021/179—180 दिनांक 15.02.2021 से प्रार्थी द्वारा अपील संख्या 58/2020 में जो अपील दर्ज कराई गई हैं। उसी के संबंध में प्रार्थी अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील के संबंध में पूरक तथ्य अपील में संलग्न करने बाबत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया जिसका जवाब इस कार्यालय के जरिये पत्रांक 899—900 दिनांक 29.10.2020 से प्रकरण संख्या 58/2020 से भेजा गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम द्वारा जरिये पत्रांक	

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)

आरटीआई/2021/1038 दिनांक 23.02.2021 से प्राप्त रिपोर्टानुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना/रिकार्ड इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 791 दिनांक 01.12.2020 को जरिये रजिस्टर्ड डाक से भिजवा दी गई हैं। साथ ही आवेदक द्वारा कार्यालय में उपस्थित होने पर वांछित सूचना नियमानुसार उपलब्ध करवा दी जायेगी।

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द व लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम की रिपोर्टानुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना रजिस्टर्ड डाक से भिजवाई जा चुकी हैं साथ ही तहसीलदार भीम द्वारा अपीलार्थी को निर्देशित भी किया गया कि कार्यालय समय पर उपस्थित होकर वांछित सूचना नियमानुसार प्राप्त करें।

अतः उक्त अपील इसी स्टेज पर निर्णित की जाती है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमन्द तथा लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नं0 से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर)राजसमन्द

कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)